सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 17 | इंदौर, मंगलवार 29 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# विधानसभा में आज पेश होगा 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट

## निजी स्कूलों के मनमानी फीस वसूली का मुद्दा भी उठेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से प्रारंभ होगी। कार्यवाही में मुख्य रूप से वित्त मंत्री और उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा वित्त वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट प्रस्तुत करेंगे। इस बजट के माध्यम से राज्य सरकार विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों के लिए अतिरिक्त व्यय की मंजूरी लेगी। विधानसभा की कार्यवाही में विपक्ष की ओर से सामाजिक और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर ध्यान आकर्षण प्रस्ताव लगाए गए हैं।




कांग्रेस विधायक अजय सिंह प्रदेश के निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली को लेकर शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे। कई निजी विद्यालय अभिभावकों से मनचाही राशि वसूल कर रहे हैं, जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वहीं, विधायक प्रदीप लारिया ने बुजुर्गों और विधवाओं को दी जाने वाली पेंशन की राशि में वृद्धि नहीं किए जाने पर ध्यानाकर्षण लगाया है। इसके साथ ही सरकार की ओर से महिलाओं को रात में काम करने की अनुमति संबंधी एक महत्वपूर्ण विधेयक भी सदन में पेश किया जाएगा।

विधानसभा सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के प्रतिवेदन भी पटल पर रखे जाने हैं, जिनमें बाल अधिकार आयोग, ऊर्जा विभाग, शिक्षा और नगरीय विकास विभाग की रिपोर्टें शामिल हैं। विधानसभा में कुल 20 विधायकों द्वारा सड़क निर्माण, पुलिया, विद्युत ट्रांसफार्मर, जल योजना, स्कूल मरम्मत, खेल मैदान निर्माण, और सामाजिक सेवाओं से जुड़े जनहित मुद्दों पर याचिकाएं प्रस्तुत की गईं। इन याचिकाओं में मुरैना, भिंड, रायसेन, टीकमगढ़, छतरपुर, झाबुआ, धार और मंदसौर जिलों के विकास कार्य शामिल हैं।

## 2 लाख श्रद्धालुओं ने किए नागचंद्रेश्वर के दर्शन

◆ उज्जैन में 2 किमी लंबी लाइन, सेंधवा के नांगलवाड़ी में 50 हजार से ज्यादा भक्त पहुंचे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। नागपंचमी के मौके पर मध्यप्रदेश के शिवालयों और नाग मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। उज्जैन में श्री महाकालेश्वर मंदिर की तीसरी मंजिल पर स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट रात 12 बजे खोले गए। महानिर्वाणी अखाड़ा के महंत श्री विनीत गिरी महाराज ने त्रिकाल पूजन किया। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ। सुबह 10 बजे तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे।**

बारिश के बावजूद गेट नंबर 4 पर भक्तों की 2 किमी लंबी लाइन लगी है। श्री नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट हर साल सिर्फ एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। क्राउड मैनेजमेंट और सिक्योरिटी के लिए 200 सीनियर अफसर, 2500 कर्मचारी, 1800 पुलिसकर्मी और 560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मंगलवार दोपहर 12 बजे महानिर्वाणी अखाड़ा की ओर से पूजन होगा। शाम को भगवान महाकाल की आरती के बाद पुजारियों और पुरोहितों द्वारा अंतिम पूजा की जाएगी। इसके बाद रात 12 बजे नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट एक साल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। उधर, सेंधवा के नांगलवाड़ी में अब तक 50 हजार से ज्यादा श्रद्धालु भिलटदेव के दर्शन कर चुके हैं। इससे पहले सोमवार रात 10 बजे बाबा का दूध से अभिषेक किया। रात 1 बजे फूलों से श्रृंगार हुआ। सुबह 4 बजे महाआरती के बाद 56 पकवानों का भोग लगाया गया।

## भोपाल में ओल्ड एज होम शीघ्र होगा शुरू, सीएम बोले- दिव्यांग की सेवा सच्चे अर्थों में परमात्मा की सेवा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि "दिव्यांगजन परमात्मा का परम अंश हैं और इनकी सेवा वास्तव में ईश्वर की सेवा है। वे सोमवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में रहने वाले प्रत्येक दिव्यांगजन तक योजनाओं का लाभ उनकी आवश्यकता के अनुसार सुनिश्चित रूप से पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दिव्यांगजन हेल्पलाइन नंबर 1800-233-4397 के माध्यम से जरूरतमंदों को लगातार सहायता प्रदान की जा रही है। यह सेवा दिव्यांगजनों की समस्याओं को सुनकर तत्काल समाधान सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस हेल्पलाइन को और अधिक प्रभावी बनाकर प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों तक इसकी जानकारी पहुंचाई जानी चाहिए।

# 100 करोड़ के फर्जीवाड़ा में FIR दर्ज, प्रशासन की रिपोर्ट में रसूखदारों के नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सौ करोड़ से ज्यादा कीमती जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री करने वाले गिरोह पर पंढरीनाथ थाना पुलिस ने एफआइआर दर्ज की है। कलेक्टर द्वारा गठित कमेटी ने रिपोर्ट में रसूखदारों के नामों का उल्लेख किया है। फर्जीवाड़ा उषानगर,न्याय विभाग कर्मचारी संस्था और देवी अहिल्या एजुकेशन ट्रस्ट सहित कई जगहों की जमीन में होना पाया गया है। अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत भी सामने आई है। कलेक्टर आशीषसिंह ने फर्जी रजिस्ट्री कांड की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया था।**

टीम ने 20 संपत्तियों का ब्योरा पुलिस को सौंपा जिसमें जालसाजों द्वारा फर्जी तरीकों से रजिस्ट्री करवाई गई थी। इस गिरोह ने अफसर और बाबूओं से मिलीभगत कर रिकॉर्ड में भी हेराफेरी कर दी थी। कई जगहों पर तो कमेटी को व्हाईटनर लगा मिला था। मामले में शनिवार देर रात पंढरीनाथ थाना में एफआइआर दर्ज कर ली गई। टीआई अजय राजौरिया के मुताबिक आरोपित ऐसी संपत्तियों को चुनता था जिनके मालिक बाहर रहते थे। हस्तीमल नामक एक आवेदक ने सबसे पहले फर्जीवाड़ा पकड़ा। मुंबई रहने वाला हस्तीमल संपत्ति कर जमा करवाने आया तो उसकी संपत्ति किसी अन्य के नाम से मिली। उसकी शिकायत पर जांच हुई और कुल 20 संपत्तियां सामने आई। राधाबाई और प्रभुलाल कंवरलाल (ग्राम नैनोद), प्रभुलाल कंवरलाल और सुरेंद्रसिंह ठाकुर (नैनोद), रामरतन औंकारलाल और भूरी बाई (खजराना), न्याय विभाग कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था और नरेंद्र कुमार शिवकुमार (न्यायनगर), रामचंद्र पुराणिक और लालसिंह चौहान, दूर्गासिंह तोमर (बिहाड़िया), रामचंद्र पुराणिक और सुरेंद्रसिंह ठाकुर (बिहाड़िया), छीतर छोगालाल, नितिन मोहनलाल अग्रवाल। पिपल्याहना मूसाखेड़ी स्थित इस भूमि के रिकार्ड में भी व्हाइटनर लगाकर आशीष निवासी स्कीम-54 का नाम लिखा गया है। भंवरसिंह और गणेश प्रसाद (पालाखेड़ी), लक्ष्मीदेवी और अतुल शुक्ला (बुढानिया), उषा नगर गृह निर्माण सरकारी संस्था और गोविंद सोनी (उषानगर), राजकिर्ती जैन और राधीबाई, गीता रामचंद्र (खजराना), देवी अहिल्या एजुकेशन ट्रस्ट और भंवरला (छोटा बांगड़दा), सूरजमल हरकचंद और देवीदास (मनोरमागंज), बसंत सदाशिव और कमल पंवार (उषानगर), देवी अहिल्या होल्कर एजुकेशन ट्रस्ट और प्रहलाद ग्यारसीलाल, सरजू बाई (छोटा बांगड़दा), संतोष गावड़े और सुरेंद्र यादव (बिचौली हप्सी)]

## कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# शासकीय मंदिर की 150 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेशकीमती जमीन का लिया गया कब्जा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन के अमले ने आज 150 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बेशकीमती शासकीय जमीन का कब्जा प्राप्त किया। उक्त भूमि पर कब्जा कर बनाये गए अवैध निर्माण ध्वस्त किये गए और अवैध रूप से बोई गई फसल को भी हटाया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा खेड़ापति हनुमान मंदिर की पिपल्याकुमार स्थित खसरा क्रमांक-206 की जमीन के संबंध में सभी बटांकन के नामांतरण आदेश को निरस्त किया गया है। उक्त जमीन खेडापति मंदिर एवं श्रीराम मंदिर व्यवस्थापक कलेक्टर के नाम से शासकीय अभिलेखों में दर्ज की गई।**



एसडीएम श्री प्रदीप सोनी ने बताया कि उक्त आदेश के परिपालन में आज जिला प्रशासन के अमले द्वारा नगर निगम के सहयोग से ग्राम पिपलियाकुमार स्थित भूमि खसरा क्रमांक-206 के समस्त बटांकन का कुल रकबा 1.1890 हेक्टेयर से अतिक्रमण हटाकर भूमि का कब्जा लिया गया। मौके पर उक्त भूमि शासकीय मंदिर के स्वामित्व होने संबंधी सूचना पटल भी लगाया गया है। इस सूचना पटल के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि उक्त भूमि ग्राम पिपलियाकुमार खसरा क्रमांक-206 शासकीय भूमि श्री राम एवं खेडापति मंदिर की है। इस भूमि पर किसी भी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश, कब्जा,निर्माण अथवा किसी भी तरह का उपयोग अवैधानिक है। किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधि पाये जाने पर दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

बताया गया कि मंदिर की जमीन बेचने का अधिकार पुजारी को कभी भी नहीं था । फिर भी उक्त जमीन को बेच दिया गया । क़ानून में मंदिर को नाबालिग माना है , जिसकी संपत्ति के अभिरक्षा करने का दायित्व संबंधित जिला कलेक्टर को है , मंदिर की भूमि से होने वाली आय भी मंदिर के खाते में जाना चाहिए । परंतु कुछ भू माफियाओं ने कूट रचित और अवैधानिक विक्रय पत्र से नामांतरण करवा लिए ।

कलेक्टर आशीष सिंह ने इसे गंभीरता से लिया और राजस्व बोर्ड के आदेश के अनुक्रम में सारे नामांतरण निरस्त कर दिये। यह बात भी उल्लेखनीय है कि भूमि स्वामित्व सिर्फ राजस्व रिकॉर्ड में ही बदले , पर सरकार ने कभी भी कब्जा नहीं छोड़ा। आज जिला प्रशासन ने अपना कब्जा पुनर्स्थापित किया और यह सिद्ध किया की मंदिर की संपत्ति पर किसी भी प्रकार की अवैधानिक कब्जे को तत्काल बेदखल किया जाएगा। पूरे जिले में अब सभी शासकीय मंदिर की भूमियों पर शासन अपना कब्जा पुनर्स्थापित करेगा।

# खजराना गणेश मंदिर में 1.51 लाख मोदक का भोग

## भजन-झांकियों से गूंजेगा पूरा इंदौर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के प्रसिद्ध श्री खजराना गणेश मंदिर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव 27 अगस्त, गणेश चतुर्थी के दिन से प्रारंभ होगा और अनंत चतुर्दशी को सम्पन्न होगा। महोत्सव के दौरान मंदिर को फूलों और विद्युत सज्जा से आकर्षक रूप में सजाया जाएगा। भगवान श्री गणेश का प्रतिदिन स्वर्ण आभूषणों आदि से विशेष श्रृंगार किया जाएगा और एक लाख 51 हजार मोदकों का भोग अर्पित किया जाएगा, जिसे बाद में श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। साथ ही, अन्न क्षेत्र में दस दिनों तक भक्तों के लिए भोजन की विशेष व्यवस्था की जाएगी।**

महोत्सव की अवधि में मंदिर परिसर में प्रतिदिन भजन-संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिनमें से तीन दिन प्रमुख भजन गायकों की प्रस्तुतियां रहेंगी। समापन के दिन अनंत चतुर्दशी पर भगवान श्री गणेश और विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित नयनाभिराम झांकी निकाली जाएगी। श्रद्धालुओं के दर्शन को सहज बनाने हेतु चार बड़ी एलईडी स्क्रीनों की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि अधिकाधिक लोग दर्शन का लाभ ले सकें। महोत्सव की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में मंदिर प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त शिवम वर्मा अपर कलेक्टर निशा डामोर संबंधित विभागों के अधिकारी, मंदिर के पुजारीगण और भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं। साथ ही मंदिर तक पहुंचने वाले मार्ग को एकांगी किया जाएगा और पार्किंग की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर में ऑनलाइन पूजन एवं अभिषेक की भी व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए मोबाइल ऐप और पोर्टल विकसित किए जाएंगे और इस हेतु इच्छुक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवदुर्गा उत्सव भी परंपरागत ढंग से आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

# 5 अगस्त को पार्षद रखेंगे तीन साल का रिपोर्ट कार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोमवार को इंदौर में बीजेपी द्वारा पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने साफ शब्दों में कहा कि महापौर परिषद (एमआईसी) में अब उसी पार्षद को मौका दिया जाएगा, जो अच्छा कार्य करेगा और जनता के बीच सक्रिय रहेगा। दरअसल, पार्षद जीतू यादव और कमलेश कालरा के बीच हुए विवाद के बाद जीतू को एमआईसी से हटा दिया गया था और बाद में पार्टी से भी निष्कासित कर दिया गया। उनके हटने के बाद से यह पद खाली पड़ा हुआ है।**

अब पार्टी इस पद को भरने की तैयारी में है। इसी सिलसिले में नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पार्टी कार्यालय पर आयोजित बैठक में यह स्पष्ट किया कि जो पार्षद जनता के बीच बेहतर काम करेगा, उसे महापौर परिषद में शामिल किया जाएगा। बैठक में नगर निगम के सभी पार्षद और महापौर परिषद के सदस्य शामिल हुए। इसमें यह भी तय हुआ कि 5 अगस्त को होने वाले बड़े कार्यक्रम की तैयारियों में सभी पार्षद तुरंत जुटें। साथ ही 'डिजिटल इंदौर' अभियान का अधिकतम प्रचार करने के निर्देश भी दिए गए।बताया गया कि 5 अगस्त को महापौर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसे लेकर भाजपा एक भव्य आयोजन की तैयारी कर रही है। इसी को लेकर पार्षदों को सक्रिय किया गया है और यह साफ संकेत दिया गया है कि जो पार्षद अच्छा प्रदर्शन करेगा, उसे एमआईसी में जगह मिल सकती है।




महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बैठक में पार्षदों से कहा कि हर पार्षद को अपने वार्ड में जाकर जनता के सामने अपने तीन वर्षों के काम का रिपोर्ट कार्ड रखना चाहिए। उन्होंने कहा, "जनता के बीच जाकर उन्हें यह बताना जरूरी है कि हमने क्या काम किए हैं और जनता हमारे काम का आकलन करे। यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।" इसीलिए तय हुआ है कि 5 अगस्त को सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में तीन वर्षों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखेंगे, जिसमें स्थानीय विकास कार्य, सुविधाएं, स्वच्छता, सड़क निर्माण, डिजिटल सेवाएं जैसी उपलब्धियों का विवरण होगा। इसके जरिए जनता को यह बताया जाएगा कि भाजपा पार्षदों ने उनके हित में क्या काम किए हैं और आगे क्या योजनाएं हैं।

# देश की प्रगति में दिव्यांग दृष्टिबाधित बच्चों का योगदान अव्वल माना जाएगा : श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। दिव्यांग बच्चे इस पांच दिवसीय स्वावलंबन शिविर में जो सीख रहे हैं वह मैने उनको विभिन्न विद्याओं में पारंगत होते देखा और अलग अलग वस्तुओं को बनाते देखा। इन दृष्टिबाधित बच्चों के विषय में मेरा विचार था कि पांच दिवस में क्या सीख पाएंगे मगर यहां आकर देखा आज चौथे दिवस ही इतना सीख चुके हैं कि मैंने खूब प्रश्न किए हैं और दिव्यांग बच्चों ने सही सही जवाब दिए हैं। जहां देश में अधिकतर लोग और संस्थाएं दिव्यांग बच्चों के साथ बैनर, पोस्टर लगाकर केवल फोटो खिंचवाकर प्रचार प्रसार में लगे रहते हैं, वहीं यह संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन, मिसो, वास्तव में सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास के मोदी विजन के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है और सबको साथ लेकर चलने का सही मार्ग प्रशस्त कर रही है। मुझे बताया गया कि इन बच्चों को प्रशिक्षण के साथ एक माह का सामान भी साथ में दिया जाएगा ताकि वे प्रशिक्षण के बाद भी इन वस्तुओं से सामग्री निर्माण कर उसे बाजार में बेच सकें और उनकी निरंतरता बनी रहे। जब भी हम छत्तीसगढ़ शासन की ओर से दिव्यांग योजना बनाएंगे, हम आप जैसी संस्थाओं के बताए मार्ग पर चलेंगे। इतनी सुंदर व्यवस्था देखकर मैं अभिभूत हूं और अहिल्या की परम्परा को आज भी जिंदा रखे हुए हैं, मालवा के लोग वे धन्यवाद के पात्र हैं। ये बच्चे स्वावलंबी बन दूसरों को प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाएंगे, देश का प्रत्येक युवा स्व रोजगार में स्थापित हो जाए तब देश की जीडीपी गतिमान हो जाएगी और देश स्वाभिमान और गौरव के साथ प्रगतिशील रहेगा जिसमें इन बच्चों का योगदान अव्वल माना जाएगा। उक्त विचार श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, समाज कल्याण, महिला, बाल महावीर इंटरकांटिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन (मीसो) दृष्टिबाधित



(दिव्यांग) बच्चों के लिए 24 वॉ स्किल डेवलपमेंट शिविर, इन्दौर (म.प्र.) विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन ने अपने इंदौर प्रवास के दौरान दृष्टिबाधित दिव्यांग बच्चों के पांच दिवसीय शिविर, होटल एच आर ग्रीन में शिविर की विभिन्न गतिविधियों के अवलोकन के बाद बच्चों के कार्यक्रम के बीच कहे। स्वावलंबन पर बच्चों की कार्यशाला की विभिन्न कक्षाओं का गहन अवलोकन अशोक जैन, अरुण कुमार जैन, श्री कावड़िया ने करवाया। इस दौरान अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद पुष्प जैन द्वारा आधिकारिक सरकारी स्थिति और वास्तविक कार्य करने में आने वाली परेशानियों के बीच अपना काम किस तरह से संपन्न किया जाए इस पर प्रकाश डालते हुए मंत्री जी को ठोस दिशा में सही काम किस तरह किया जाए इसकी प्रेरणा दी। अतिथियों का स्वागत हुलास बेताला ने किया। स्मृति चिन्ह पुष्प जैन, प्रकाश भटेवरा, हुल्लास बेताला, लोकेश कावड़िया, अरुण कुमार जैन, सुभाष वन्यायक्या आदि ने किया। स्वागत भाषण पीयूष जैन, अतिथि परिचय लोकेश कावड़िया ने दिया और आभार जितेंद्र चौपड़ा ने माना।

# बारिश में बोल बम के नारों संग हजारों महिलाएं निकलीं कावड़ लेकर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सावन मास के पावन अवसर पर मालवीय रजक समाज संत गाडगे बाबा पैनल द्वारा भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में झमाझम बारिश के बीच हजारों मातृशक्तियों के साथ समाज के पुरुषों ने भी श्रद्धा भाव से कावड़ उठाई। यात्रा की शुरुआत श्री राम मंदिर, कोयला बाखल से विधिवत पूजन अर्चन के बाद हुई। यह यात्रा उज्जैन स्थित बाबा महाकाल मंदिर तक पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु मां नर्मदा का पवित्र जल चढ़ाकर महाकाल बाबा का अभिषेक करेंगे। कावड़ यात्रा के संयोजकों अनिल बारिया, रूपेश मालवीय, ऋषभ बंजारा और संजय नरिया ने जानकारी दी कि यात्रा की शुरुआत कोयला बाखल स्थित श्री राम मंदिर से भगवान श्री राम दरबार की पूजा के साथ हुई। इसके बाद यात्रा राजवाड़ा पहुंची, जहां मां अहिल्या को माल्यार्पण कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। हजारों महिलाएं भी इस यात्रा में सम्मिलित रहीं, जो मां नर्मदा का जल लेकर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन रवाना हुईं। झमाझम बारिश में भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और पूरे मार्ग में बोल बम के जयकारों की गूंज सुनाई दी। यात्रा मार्ग में महिला श्रद्धालु भगवान शिव के भजनों पर झूमती हुई आगे बढ़ती रहीं। समाजजनों के उत्साह की झलक यात्रा में साफ दिखाई दी, जहां 5 साल के बच्चों से लेकर 70 वर्षीय बुजुर्गों ने भी कावड़ उठाई। मार्ग में विभिन्न मंचों से कावड़ यात्रा का गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत किया गया। समाज के श्रद्धालु भोले की भक्ति में इस कदर लीन थे कि हर दृश्य आस्था का एक जीवंत प्रमाण लग रहा था। इस यात्रा में संत प्रतीकानंद महाराज की उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। यात्रा के आयोजन से जुड़े रोहित बरदीया, विनोद सोलंकी और नीलेश गोलावत ने बताया कि यात्रा राजवाड़ा, इमली बाजार, सदर बाजार, मरीमाता होते हुए बाणगंगा से सीधे सांवेर पहुंची। सांवेर में रात्रि विश्राम के बाद अगली सुबह उज्जैन के लिए प्रस्थान किया जाएगा। इस आयोजन में विधायक गोलू शुक्ला, विधायक मधु वर्मा और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं।



### चंदन नगर थाने में परिजनों ने किया हंगामा; बोले

# पति नहीं, बल्कि सास-ससुर और अन्य परिजनों ने भी मिलकर जलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। चंदन नगर थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक नवविवाहिता के मायके पक्ष के लोगों ने थाने पहुंचकर पुलिस पर कार्रवाई में पक्षपात का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। उनका कहना था कि नवविवाहिता को सिर्फ पति नहीं, बल्कि सास-ससुर और अन्य परिजनों ने भी मिलकर जलाया है। हालांकि फिलहाल पुलिस ने केवल पति को हिरासत में लिया है। वहीं, तहसीलदार के सामने बयान देने के दौरान युवती ने पति का ही नाम लिया और इसके बाद बेहोश हो गई। 23 वर्षीय पायल, निवासी खेड़ा पति हनुमान मंदिर, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती है। वह करीब 80% तक जल चुकी है और वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। उसके परिजन चंदन नगर थाने पहुंचे और हंगामा किया। उनका कहना था कि केवल पति को ही हिरासत में लिया गया है, जबकि जलाने की साजिश में ससुराल के अन्य सदस्य भी शामिल हैं। पुलिस ने परिजनों को समझाइश देकर थाने से रवाना किया। पायल के भाई अर्जुन, निवासी बाराभाई, ने आरोप लगाए कि उसका पति शंकर पायल को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित करता था। कुछ दिन पहले वह मायके आई थी और बताया था कि शंकर ने परिवार के किसी सदस्य के इलाज के बहाने 50 हजार रुपए की मांग की है। जब परिवार ने इतनी बड़ी रकम देने से इनकार किया, तो रविवार रात पायल और शंकर के बीच विवाद हुआ। अर्जुन का आरोप है कि इसके बाद शंकर ने अन्य परिजनों के साथ मिलकर पायल को आग के हवाले कर दिया। पायल के दो छोटे बच्चे हैं – एक चार महीने की बेटी और तीन साल का बेटा। उसका पति शंकर पेशे से पेंटर है। पुलिस ने फिलहाल शंकर को हिरासत में लिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि महिला के होश में आने के बाद उसके विस्तृत बयान लिए जाएंगे और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# बारिश के साथ सड़कों की चूरी भी बही, नजर आने लगे गड्ढे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सफाई में सिरमौर बन चुके इंदौर में दूसरी समस्याएं शहर की छवि देशभर में खराब कर रही है। इंदौर के कई प्रमुख मार्गों पर तो ठीक, ब्रिजों पर गड्ढे हो चुके हैं। इससे हादसे बढ़ गए हैं और लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। जिन इलाकों में निर्माण कार्य हो रहे हैं, वहां हालत ज्यादा खराब है। पिछले दिनों मेघदूत उपवन के सामने सड़क धंसने का मामला तो प्रदेशभर में चर्चित हो चुका है।**

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान इंदौर के सुपर कॉरिडोर की तुलना लंदन की सड़कों से कर चुके हैं, लेकिन मेट्रो रूट बनने के बाद इस बहुचर्चित कॉरिडोर पर भी गड्ढे हो चुके हैं और पेचवर्क की नौबत आने लगी है। इसके अलावा खजराना से गणेश मंदिर की तरफ जाने वाली सर्विस रोड भी खराब पड़ी है। इंदौर के इस्कॉन मंदिर में कृष्ण जन्माअष्टमी पर बड़ा आयोजन होता है, लेकिन मंदिर तक जाने वाली सड़क की हालत खराब है। निगमायुक्त शिवम वर्मा खुद उस सड़क की हालत देखने पहुंचे। एमआर-10 जंक्शन पर बन रहे ब्रिज के कारण ट्रैफिक को स्कीम नंबर 134 के मार्गों पर डायवर्ट किया गया है, लेकिन वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण इन सड़कों पर भी गड्ढे हो गए हैं। दो पहिया वाहन चालकों को वहां से गुजरने में परेशानी आ रही है। बायपास का हैवी ट्रैफिक एमआर-11 से गुजर रहा है। इस कारण उस सड़क पर भी गड्ढों की भरमार हो चुकी है। इसके अलावा मधुमिलन चौराहा, विजय नगर, खातीवाला टैंक, सुदामा नगर सहित कई मार्गों पर पेचवर्क की जरूरत पड़ने लगी हैं। नगर निगम की जनकार्य समिति के प्रभारी राजेंद्र राठौर ने कहा कि वर्षाकाल के बाद सड़कों की मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा। सबसे पहले झांकी मार्ग को दुरुस्त किया जाएगा।

# पिता के घर रह रही बेटी ने फांसी लगाई, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सदर बाजार इलाके में 25 वर्षीय महिला ने रविवार को अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को सहेली काजल मिलने आई, तो उसने फंदे पर लटका शव देखा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। उसने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि महिला सोनू ब्रह्मबाग कॉलोनी में अपने पिता के साथ रहती थी। रविवार शाम को उससे मिलने सहेली काजल उसके कमरे में पहुंची, तो सोनू फंदे पर लटकी थी। उसने सोनू के भाई आकाश को आवाज देकर बुलाया। काजल ने बताया कि आत्महत्या के कुछ समय पहले सोनू को घर के बाहर खड़े देखा था। वह सभी से अच्छे से बात कर रही थी। सोनू की शादी पटलाना में हुई थी। तीन साल पहले उसका पति से तलाक हो गया और तब से वह अपने बेटे के साथ पिता के घर आकर रह रही थी। वह डीटी कंपनी में जॉब कर रही थी। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। इसलिए आत्महत्या के सही कारणों का पता नहीं चला है। आशंका जताई जा रही है कि उसने डिप्रेशन के चलते यह कदम उठाया है। हालांकि डिप्रेशन का कारण भी स्पष्ट नहीं है।



## रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 4 अगस्त को

**इंदौर**। राज्य शासन की मंशा के अनुसार इंदौर जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में नौकरी दिलाने के लिए युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला लगातार आयोजित किये जा रहे हैं। इसी सिलसिले में संयुक्त रोजगार मेला (युवा संगम) जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था और जिला उद्योग केन्द्र इन्दौर के संयुक्त तत्वावधान में 04 अगस्त सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नन्दा नगर में आयोजित होगा। उप संचालक (रोजगार) पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया हेतु मार्गदर्शन भी दिया जायेगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- Jash Engineering, विशाल फेब टेक, कैश न्यू हॉलेण्ड कन्ट्रक्शन, टी.के. एग्रो प्रायवेट लिमिटेड, औशियन मोटर्स, श्याम टाटा मोटर्स, डी-मार्ट, रूपरंग स्टोर्स, मिग्मा पेट्रोन, एयर विन्सीबल आदि के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## दाऊदी बोहरा समाजजन के मध्य चला 'नशे से दरी है जरूरी' हस्ताक्षर अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मध्यप्रदेश शासन पुलिस मुख्यालय भोपाल के द्वारा चलाए जा रहे अभियान “नशे से दूरी है जरूरी” के अंतर्गत थाना राजेंद्र नगर क्षेत्र के बीजलपुर स्थित मसाकीन ए सैफिया कॉलोनी स्थित मस्जिद परिसर में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। यह जानकारी देते हुए राजेंद्र नगर थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि दाऊदी बोहरा समाज धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब की हिदायत अनुसार हमेशा हर तरह की बुराइयों से दूर रहता है यह प्रेरणादाई है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दाऊदी बोहरा समाजजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर यह संकल्प भी व्यक्त किया भविष्य में शासन के इस नशे से दूर अभियान को सफल बनाने के लिए अपना योगदान निरंतर प्रदान करते रहेंगे। बुरहानुद्दीन शकरुवाला, इकबाल चप्पु व मुर्तजा पानबिहार वाला ने बताया कि मानवता की सेहत, भलाई, सुरक्षा एवं नशे की बुराई के प्रति जन जागरुकता के इस महत्वपूर्ण अभियान में बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरुषों ने इस अवसर पर “कहो नो ड्रग्स” पोस्टर पर अपने हस्ताक्षर कर नशे से दूर संकल्प को व्यक्त किया। आभार हैदर पाटन वाला ने माना।



## करंट लगने से किशोर की मौत

**इंदौर**। राजेन्द्र नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक किशोर की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक का नाम रिजवान (18) है, वह दो दोस्तों के साथ गड़बड़ी पुलिया के नाले में मछली पकड़ने गया था। नाले के पास से गुजर रहे बिजली के खुले तारों की चपेट में आ गया। किशोर के मामा हुसैन शनिवार शाम उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। यह देखा जा रहा है कि खुले तार वहां कैसे पहुंचे और किसकी लापरवाही से यह हादसा हुआ। वहीं पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। रिजवान खंडवा के पास का रहने वाला था और इंदौर में अपने मामा हुसैन के घर रह रहा था। वह चोइथराम मंडी में हम्माली करता था। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार किशोर नाले में बलिया डालकर मछली पकड़ रहा था, तभी वह बिजली के खुले तारों से टच हो गया।

# सड़कों की बदहाली के बाद 8 ठेकेदार को किया ब्लैकलिस्ट

### ◆ पीडब्ल्यूडी पोर्टल पर दर्ज होगा नाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में इस साल मानसून के सड़कों की गुणवत्ता की पोल खोलकर रख दी, राजधानी भोपाल से लेकर इंदौर ग्वालियर सहित प्रदेश के कई शहरों ने सड़क निर्माण की घटिया क्वालिटी की परतें उधेड़ दी, मुख्य मार्ग की सड़कें धंस गई वहां बड़े बड़े गड्ढे हो गए, ग्वालियर में तो एक के साल पहली ही बारिश में कई बार धसक गई, सड़कों की बदहाली के अलावा भोपाल के 90 डिग्री पुल और इंदौर के झेड अकार के पुल को लेकर भी लेकर भी कई सवाल उठे लेकिन अब सरकार ने इसपर सख्ती की है, सरकार ने 8 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया है।**





मध्यप्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में घटिया निर्माण कार्यों से एक बाद बदनामी और लोगों का गुस्सा झेल रही सरकार ने जब समीक्षा की तो ठेके लाने वाली फर्मों की लापरवाही और अनियमितताएँ सामने आई, जिसके बाद ऐसी फर्मों को चिन्हित कर उनके काम की समीक्षा की गई और फिर उनपर एक्शन का फैसला लिया गया, जिसमें 8 ठेकेदारों पर एक्शन हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी ख़राब गुणवत्ता वाले निर्माण कार्य वाली फर्मों पर एक्शन के निर्देश दिए हैं। आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने कहा है कि नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। जिन ठेकेदारों ने कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। प्रदेश में 8 कंपनियों के ठेकेदारों को उनके कार्यों आदि के परीक्षण के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है। यह कंपनियां आगामी निविदा प्रकियाओं में भाग नही ले सकेंगी। नगरीय प्रशासन आयुक्त ने बताया कि यह कारवाई विभाग द्वारा गुणवत्ता सुधार और कार्यों की धीमी गति को सुधारने के लिये एक मिशन के रूप में की जा रही है। इसके तहत ठेकेदारों द्वारा की गई अनियमितताओं और खराब गुणवत्ता के कारण उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है और अब वे भविष्य में लोक निर्माण विभाग के पोर्टल पर काली सूची में दर्ज होंगी। गरीय प्रशासन विभाग ने जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया है उनमें खरगौन की मेसर्स यादव ट्रेडर्स , इंदौर की मेसर्स हेमन्त जैन एण्ड एसोसिएट्स , इंदौर की मेसर्स कार्तिक इन्टरपाईजेस, शिवपुरी की मेसर्स शिवम कन्स्ट्रक्शन, चंपारण बिहार की मेसर्स विक्की कुमार तुरकोलिया, पटना बिहार की मेसर्स यशोदा मार्केटिंग, कानपुर उत्तर प्रदेश की मेसर्स के.एल.डी. क्रिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और नागौद की मैसर्स पौराणिक ट्रेडर्स शामिल हैं।

## गिरगिट लेकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस विधायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। वे हाथों में तख्तियां और खिलौने वाले गिरगिट लेकर पहुंचे। गांधी प्रतिमा के सामने नारेबाजी की। कांग्रेस विधायकों का कहना था कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 फीसदी आरक्षण नहीं देना चाहती। वह बार-बार गिरगिट की तरह रंग बदल रही है। वहीं, सिरोंज से बीजेपी विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा- मुझे चिंता है कि कमलनाथ जी को सदन में आने से कौन रोक रहा है? मुझे लगता है कि यह कांग्रेस की गुटबाजी और फूट का परिणाम है। सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पूर्व विधायक राजा सुरेंद्र बहादुर सिंह, रघुनाथ चौधरी, शंकर लाल मुन्नाखेड़ी, सरदार सुखदेव सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय कुमार रूपाणी, फिल्म अभिनेता मनोज कुमार, लोक कलाकार रामसहाय पांडे को श्रद्धांजलि दी। पहलगाम आतंकी हमले और अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। 8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश किया जाएगा।

## शिव-तांडव स्वरूप में दर्शन देने निकले महाकाल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में दोपहर एक बजे तक 3 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। विनायक चतुर्थी होने के कारण भगवान महाकाल का गणेश स्वरूप में श्रृंगार किया गया है। उज्जैन के साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भक्त बाबा भोलेनाथ का पूजन-अभिषेक करने पहुंचे। उज्जैन में शाम को महाकाल की तीसरी सवारी मंदिर से निकली। इसमें भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर पालकी में विराजित हुए, जबकि भगवान श्री मनमहेश को हाथी पर और श्री शिव-तांडव की प्रतिमा को गरूड़ रथ पर विराजित किया गया। सवारी शिप्रा घाट पर पहुंची। यहां भगवान का पूजन किया गया। इसके बाद सवारी मंदिर के लिए रवाना हुई। इससे पहले सवारी शुरू पर पूर्व मंदिर के सभामंडप में भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद पालकी में विराजित भगवान को मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल ने सलामी दी। सवारी में घुड़सवार पुलिस, सशस्त्र बल, होमगार्ड के जवान, भजन मंडली, झांझ मंडली व पुलिस बैंड भी शामिल रहे। इधर, मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ शाही पालकी में सवार हुए। अकोदिया में 100 से अधिक महिलाओं ने अपने घर में बर्फ जमाकर छोटे-छोटे शिवलिंग बनाए। एक बड़ा शिवलिंग भी बर्फ से बनाया गया। बाबा अमरनाथ की तरह बर्फ के ज्योतिर्लिंग की पूजा की गई।

# रायसेन में नकली खाद से भरा ट्रक जब्त उर्वरक के सैंपल जांच में अमानक पाए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेश में नकली खाद और खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रायसेन जिले के ग्राम बागोद में गत दिवस प्रशासन और ग्रामीणों की सतर्कता से नकली खाद से भरा एक ट्रक पकड़ा गया, जिसे डीएपी के नाम से बेचा जा रहा था। बताया गया कि ट्रक से बड़ी मात्रा में नकली उर्वरक गांव में पहुंचाया जा रहा था।**



ग्रामीणों ने उर्वरक नकली होने का संदेह होने पर इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना प्राप्त होते ही कृषि और राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और ट्रक रोककर उर्वरक की जांच की। ट्रक में उर्वरक की 92 बोरियां पाई गईं। जांच में उर्वरक मानकों पर खरा नहीं उतरने पर मौके पर पंचनामा बनाया गया। उर्वरक सहित वाहन को जब्त किया गया। प्रयोगशाला भोपाल द्वारा की गई जांच में उर्वरक के सैंपल अमानक पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 24 जुलाई को बागोद ग्राम में अमानक खाद जब्त कर सलामतपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

### ◆ प्रीतम लोधी ने कहा-

## दिग्विजय के समय सड़कें ओम पुरी जैसी थी, हमने श्रीदेवी जैसी बनाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में बारिश के मौसम में सड़कों की बिगड़ी हालत को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। इसे लेकर विपक्ष लगातार सरकार की घेराबंदी में जुटा है। वहीं सत्ताधारी दल के विधायक प्रतीम लोधी ने इस पर अजीब बयान दिया है।**



कांग्रेस पर निशाना साधते हुए भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने कहा कि दिग्विजय सिंह के समय सड़कें ओम पुरी जैसी हुआ करती थीं। अब हमारे समय में तो सड़कें श्रीदेवी जैसी कर दी हैं। लेकिन, अभी पानी गिर रहा है। अभी इंद्र भगवान से समझौता होना है। शिवपुरी के पिछोर से बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी सोमवार को विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने भोपाल पहुंचे थे। मीडिया ने खराब सड़कों को लेकर उनसे सवाल किया था। बीजेपी विधायक प्रीतम लोधी प्राइवेट कैब से विधानसभा पहुंचे। उन्होंने कहा ओला कैब से आने का एक ही कारण है कि इंद्र भगवान नाराज चल रहे हैं। बहुत पानी बरसा रहे हैं। सारी सड़कें वाटर पार्क हो गई हैं। हमारे पास नाव तो है नहीं, तैर कर नहीं आ सकते। मेरे पास छोटी गाड़ी थी इसलिए उस छोटी गाड़ी से नहीं आ सके तो हमने ओला गाड़ी कर ली।

## अंजना ने की यूरोप की सबसे ऊंची चोटी फतेह



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** जिले के छोटे से गांव बेंदुरा कला की बेटी अंजना सिंह ने देश का नाम रोशन किया है। अंजना ने यूरोपीय महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस (5,642 मीटर/18,510 फीट) पर 27 जुलाई को सुबह 6 बजे सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का तिरंगा फहराया। शिखर पर पहुंचकर अंजना ने राष्ट्रगान गाया। उन्होंने बर्फीली हवाओं और ऑक्सीजन की कमी जैसी कठिन परिस्थितियों में भी अपना साहस दिखाया। अंजना के पिता राजेश सिंह एक छोटे किसान हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अंजना ने पर्वतारोहण में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और मार्गदर्शक एडवोकेट शिवेंद्र सिंह बघेल को दिया।

## अमरवाड़ा में आवारा कुत्तों ने एक दर्जन से ज्यादा बच्चों पर किया हमला

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा में आवारा कुत्तों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बीते दो दिनों में अलग-अलग मोहल्लों में कुत्तों ने एक दर्जन से अधिक मासूम बच्चों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। कुछ बच्चों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें अमरवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, घायलों में शौर्य जैन, हिमांशी कोचे, निहारिका, अक्सपाल, 12 वर्षीय मो. हुजैफ, कृष्णा इंगोले, नमन साहू, रविशंकर डेहरिया, प्रमोद यादव सहित करीब एक दर्जन बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा 60 वर्षीय आनंदलाल डेहरिया पर भी कुत्तों ने हमला किया है।


## संपादकीय

# उपराष्ट्रपति के चुनाव ने भाजपा के सामने एक और चुनौती खड़ी की

मॉनसून सत्र के पहले ही दिन निवर्तमान उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे ने सियासी जगत में भूचाल ला दिया। धनखड़ के इस्तीफे ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के सामने ऐसी चुनौती खड़ी कर दी है, जहां उन्हें न सिर्फ अपनी सियासी ताकत का अहसास कराना है, बल्कि अपनी एकजुटता का संदेश भी देना है। माना जा रहा है कि अगस्त के आखिर तक देश को उसका अगला उपराष्ट्रपति और राज्यसभा को उसका मुखिया मिल जाएगा। चूंकि उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद सदस्यों द्वारा होता है, ऐसे में NDA के पास जरूरी संख्या बल तो है, लेकिन विपक्ष भी बहुत पीछे नहीं है। लोकसभा के 543 सदस्य और राज्यसभा के 245 सदस्य (कुल 788 सदस्य) इसमें वोट करते हैं। राज्यसभा में BJP के 99 सांसद हैं, जबकि सहयोगी दलों को जोड़ें तो यह संख्या 129 तक जाती है। वहीं लोकसभा में BJP अकेले 240 सांसदों के साथ सबसे बड़ी ताकत है। NDA मिलाकर यह आंकड़ा 293 हो जाता है। दूसरी ओर लोकसभा में विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के अपने 99 सदस्य हैं और उसे दो निर्दलीय सांसदों का हासिल है। इस तरह उसके पास उसके पास कुल 101 सांसद हैं। सदन में विपक्षी खेमे के सांसदों की संख्या 235 है। वहीं राज्यसभा में कांग्रेस अपने 27 सांसदों के साथ I.N.D.I.A. गठबंधन के 77 सांसदों का हिस्सा है। ऐसे समय में जब BJP अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ सहमति नहीं बना पा रही है, उपराष्ट्रपति के चुनाव ने उसके सामने एक और चुनौती खड़ी कर दी है। उसे इस मुद्दे पर अपने सहयोगी दलों को भी साधना होगा। माना जा रहा है कि जल्द ही NDA के घटक दलों की बैठक हो सकती है। जिस तरह से BJP में दूसरे दलों से आए लोगों की तादाद बढ़ती रही, संघ की ओर से बीच-बीच में संकेत आते रहे कि पार्टी विचारधारा और सोच को प्रमुखता दी जानी चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष के सवाल पर तो संघ पांव जमाए खड़ा नजर आ ही रहा है, उपराष्ट्रपति पद को लेकर भी उसकी राय कमोबेश यही है। हालांकि वह सरकार के कामकाज में ज्यादा दखलंदाजी नहीं करना चाहता, लेकिन उसका मानना है कि सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग पार्टी व उसकी विचारधारा के प्रति समर्पित हों। धनखड़ के इस्तीफे के बाद तो संघ के साथ-साथ यह बात कहीं ना कहीं BJP के भीतर भी बैठती दिख रही है कि महत्वपूर्ण और सर्वोच्च पदों पर संघ और BJP की विचारधारा के प्रति समर्पित लोगों को ही मौका दिया जाना चाहिए। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के पुराने वफादार धनखड़ एपिसोड से कहीं ना कहीं खुश भी हैं। उनका मानना है कि पार्टी में बाहर से आए लोगों को जो मलाईदार मौके मिल रहे थे, इससे उसमें कमी जरूर आएगी। माना जा रहा है कि इस एपिसोड के बाद BJP का शीर्ष नेतृत्व भी इस पद पर उस व्यक्ति को बैठाना चाहेगा, जो वैचारिक रूप से संघ और BJP की विचारधारा के करीब हो। इसके अलावा, उस उम्मीदवार में संसदीय अनुभव, संयमित भाषण कला और निष्पक्ष छवि को भी तवज्जो मिलेगी। BJP की कोशिश रहेगी कि वह ऐसा उम्मीदवार उतारे, जो उसके सहयोगी दलों के साथ-साथ कुछ विपक्षी दलों को भी स्वीकार्य हो। तब क्रॉसवोटिंग के जरिए वह विपक्षी एकता में सेंध भी लगा सकती है।

## OSHO कहिन

"आप जो कुछ भी करते हैं, उसे पूरी तरह से करें। तभी उसमें आनंद मिलेगा।"



## Health is Wealth

# सर्दी-ज़ुकाम से परेशान है बच्चा? देखभाल के लिए अपनाएं दादी-नानी के देसी नुस्खे



**मौसम बदल रहा है और ऐसे में लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। ऐसा शरीर की इम्युनिटी में बदलाव और वातावरण में मौजूद कीटाणुओं के कारण होता है। तापमान, नमी और प्रदूषण के लेवल में बदलाव की वजह से शरीर को नए मौसम के मुताबिक ढलने में समय लगता है, जिससे इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है। ये खतरा बच्चों में ज्यादा होता है। अगर बदलते मौसम में आपका बच्चा सर्दी-जुकाम से परेशान हो रहा है तो यहां बताए गए दादी-नानी के नुस्खों को अपनाएं।**

## बच्चों के लिए दादी नानी के देसी नुस्खे

### 1) सरसों के तेल से मालिश

बच्चों को सर्दी-जुकाम हो जाएं तो सरसों के तेल को कुटे हुए लहसुन और अजवाइन के साथ गर्म करें। लहसुन और अजवायन सूजन-रोधी होती है, ऐसे में इन दोनों चीजों से बंद वायुमार्ग खुलने में मदद मिलती है। गुनगुने तेल को बच्चे की छाती, पैरों, पीठ पर लगाएं और धीरे से मालिश करें। दादी-नानी कहती हैं कि इससे ब्लड फ्लो बेहतर होता है और नाक बंद होने की समस्या कम होती है।

### 2) नीलगिरी का तेल

रुई के फाहे पर नीलगिरी के तेल की कुछ बूंदें डालें और बच्चे के कपड़ों पर लगाएं। इसके रोगाणुरोधी और बंद नाक खोलने वाले गुण बंद नाक की दिक्कत को दूर करते हैं और सांस लेने में तकलीफ को कम करते हैं।

### 3) अजवाइन का धुआं

अजवाइन को गरम तवे पर सूखा भून लें और बच्चे को थोड़ी दूरी से धीरे से धुआं लेने दें। अजवाइन के धुएं में बंद नाक खोलने वाले गुण होते हैं और यह नाक को प्राकृतिक रूप से साफ करने में मदद करता है।

### 4) अजवाइन पोटली का सेक

अजवाइन को गर्म करें और उन्हें एक साफ कपड़े में लपेटें। अब इस पोटली को छाती और पीठ पर हल्के से दबाएं। अजवायन में प्राकृतिक सूजन-रोधी गुण होते हैं, जो सीने की जकड़न और सर्दी के लक्षणों को कम करता है।

### 5) हल्दी तुलसी शॉट्स

हल्दी और तुलसी के पत्तों को पानी में 2-3 मिनट तक उबालें। फिर इस पानी को बच्चे को दें। हल्दी के जीवाणुरोधी गुण और तुलसी के इम्यूनिटी बूस्ट करने वाले प्रभाव संक्रमण से लड़ने और गले की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, ये पानी 1 साल से ज्यादा उम्र के बच्चे को दें।

### 6) विक्स स्टीमर

स्टीमर में थोड़ा सा विक्स बेबी रब डालें और बच्चे के कमरे में रख दें। इससे हवा में नमी आती है, जिससे जकड़न और नाक साफ हो जाती है जिससे बच्चा आसानी से सांस ले पाता है।

Jharkhand

# झारखंड के देवघर में कांवड़ियों की बस ट्रक से टकराई, 18 की मौत, जल चढ़ाने आए थे श्रद्धालु

**देवघर, (एजेंसी)** झारखंड के देवघर जिले में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया. यहां बस और ट्रक में टक्कर हो गई. हादसे में 18 कांवड़ियों की मौत हो गई. जबकि 20 लोग घायल हो गए. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य किया. यह हादसा गोड्डा-देवघर मुख्य मार्ग पर मोहनपुर थाना क्षेत्र के जमुनिया मोड़ के पास हुआ.

घटना मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे की है. सूचना मिलने पर मोहनपुर थाना प्रभारी प्रियरंजन समेत पुलिस टीम पहुंची और राहत-बचाव किया. स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एम्बुलेंस के जरिए



मोहनपुर सीएचसी भेजा गया. स्थानीय लोगों ने दावा किया है कि हादसे में 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए हैं. हादसा इतना जबरदस्त था कि बस के परखच्चे उड़ गए. हादसे पर स्थानीय बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने दुख जाताया है. उन्होंने कहा कि मेरे लोकसभा के देवघर में श्रावण मास में कांवर यात्रा के दौरान बस और ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण 18 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है. बाबा बैद्यनाथ उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें. हादसे पर CM हेमंत सोरेन ने दुख जताया है. उन्होंने कहा कि आज सुबह देवघर के मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में बस सवार श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना मिली है.

New Delhi

## पहलगाम वाले आतंकी को पहले से पकड़ रखा था और अब मारा, ऑपरेशन महादेव पर कांग्रेस नेता को शक



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद उदित राज ने सेना के 'ऑपरेशन ऑपरेशन' महादेव पर सवाल उठा दिया है। उदित राज ने आशंका जाहिर की है कि पहलगाम आतंकी हमले के सरगना को पहले ही पकड़ लिया गया था और अब संसद में चर्चा से ठीक पहले उसे मार दिया गया। उन्होंने सरकार पर 'इवेंट मैंनेजमेंट' का आरोप लगाया है।

न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए उदित राज ने आरोप लगाया कि सेना सरकार के दबाव में है। उन्होंने कहा कि सेना का हाथ कई बार बांधा गया है नहीं तो पाकिस्तान की हालत बहुत खराब होती। उन्होंने ऑपरेशन महादेव पर शंका और कई सवाल उठाते हुए कहा कि हो सकता है कि पहले से पकड़कर रखा हो और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा से पहले मार दिया गया। उन्होंने कहा, 'बहुत संभव है कि सेना को जो आज आतंकवादी मारा गया है, उसे कहा गया होगा रोकने के लिए, चूंकि सेना इनके दबाव में है। हालांकि, सेना बहुत अच्छा काम कर रही है। खुद जब सेना के अधिकारी ने कहा कि उनको ऐक्शन नहीं लेने दिया गया तो आज जो एक आतंकवादी, जो पहलगाम में शामिल था, उसे ढेर कर दिया गया। हो सकता है कि आज जो ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा होनी थी,इसी दिन के लिए रोक कर रखा हो। फिर इवेंट मैनेजमेंट कर रखे हों। हो सकता है पहले से पकड़कर रखा हो, पहले क्यों नहीं मार दिया?

New Delhi

## चोरी की ऐसी सजा! गुरुग्राम में गार्ड को उल्टा लटकाकर शख्स ने बरसाए डंडे, 4 अरेस्ट

**गुरुग्राम, (एजेंसी)** गुरुग्राम के सेक्टर-37 से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक प्राइवेड गार्ड को छोटी सी चोरी की इतनी बड़ी सजा दी गई,जिसे देख आप भी सहम जाएंगे। गार्ड को उल्टा लटकाकर डंडों से बेरहमी से पीटा गया। हैरानी की बात यह रही कि इस मामले को डेढ़ महीने तक दबा तकर रखा गया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला खुला और अब गुरुग्राम पुलिस ने इस मामले में 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो लगभग डेढ़ मिनट का है। किसी बहुमंजिला इमारत के पार्किंग एरिया में करीब दस से ज्यादा लोग इकट्ठा हैं। इनमें से दो लोग एक व्यक्ति के पैर रस्सी से बांधकर उसे लोहे के पाइप पर उल्टा लटकाए हुए हैं। इसके बाद सफेद टी-शर्ट और काला ट्राउजर पहने एक व्यक्ति प्लास्टिक के पाइप से उल्टे लटके व्यक्ति को पीटना शुरू कर देता है। वीडियो में पीड़ित व्यक्ति हाथ जोड़कर माफी मांगता दिख रहा है, लेकिन उसकी कोई नहीं सुनता। वहां मौजूद लोग आपस में किसी सामान के गायब होने की बात कर रहे हैं और उल्टे लटके व्यक्ति पर चोरी का आरोप लगा रहे हैं।

Uttarpradesh

## औसानेश्वर मंदिर में भगदड़: एक-दूसरे पर चढ़ते-गिरते भागे चार हजार लोग, चीखों में बदल गया बम-बम का उद्घोष

**बाराबंकी, (एजेंसी)** यूपी के बाराबंकी में औसानेश्वर मंदिर के कपाट रविवार रात करीब 12 बजे खुले। तब तक परिसर में करीब 20 हजार से अधिक श्रद्धालु जमा हो चुके थे। श्रद्धालुओं का आना लगातार जारी था। मंदिर के मुख्य द्वार से लगभग 250 मीटर दूर तक बैरिकेडिंग व टिन शेड के नीचे से लेकर बाहर तक करीब 4000 श्रद्धालु कतार में ठसाठस खड़े थे। चारों ओर बम-बम भोले और हर हर महादेव की गूंज थी। श्रद्धालु बेलपत्र, फूल और प्रसाद की खरीदारी में जुटे थे।

रात करीब दो बजे अचानक लोग चीखने लगे। भागो-भागो...करंट फैल गया, कहकर एक-दूसरे पर चढ़ते-गिरते दौड़ पड़े। इस अफरातफरी में कुछ श्रद्धालु करंट लगने के डर से जमीन पर गिर पड़े,



जबकि कुछ लोगों के पैर तले दबे। भगदड़ की सूचना मिलते ही मंदिर प्रबंधन की ओर से तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई गई। वहीं, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी सीधे डायरेक्ट कटिंग पॉइंट की ओर दौड़े। आसपास के दुकानदारों को भी मदद के लिए बुलाया गया।

खेल

# हम्पी को टाईब्रेकर में हराकर दिव्या बनीं फिडे महिला विश्व कप चैंपियन, यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय

**बातुमी (जॉर्जिया), (एजेंसी) महिला शतरंज विश्व कप के फाइनल मुकाबले में दिव्या देशमुख ने ग्रैंडमास्टर और हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। वह फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। कोनेरू हम्पी के पास वापसी का एक छोटा सा मौका था, लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकीं। दिव्या ने काले मोहरों पर एक शानदार जीत दर्ज की।**

अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने अपने से ऊंची रैंकिंग वाली ग्रैंडमास्टर और हमवतन कोनेरू हम्पी को फिडे महिला विश्व कप फाइनल के पहले और दूसरे गेम में कोई मौका दिए बिना ड्रॉ खेलने पर मजबूर किया था। इससे मैच टाईब्रेकर में पहुंचा था।



### टाईब्रेकर में कैसे खेला जाता है मैच?

टाई-ब्रेकर में 15-15 मिनट के दो गेम होंगे जिसमें हर चाल के बाद 10 सेकेंड का इजाफा होगा। स्कोर इसके बाद बराबर रहता तो दोनों खिलाड़ियों को 10-10 मिनट प्रति गेम के हिसाब से एक और सेट खेलने का मौका मिलता। इसमें भी हर चाल के बाद 10 सेकेंड का इजाफा होता। दोनों के बीच पहला रैपिड टाईब्रेकर भी ड्रॉ रहा। फिर दूसरे टाईब्रेकर में फैसला आया।

मैच का परिणाम अगर दूसरे टाईब्रेकर में भी नहीं निकलता, तो पांच-पांच मिनट के दो और गेम होते और इसमें हर चाल के बाद तीन सेकेंड की बढ़ोतरी होती। इसके बाद एक गेम का मुकाबला होता जिसमें दोनों खिलाड़ियों को तीन मिनट मिलते और दो सेकंड का इजाफा होगा। यह तब तक चलता, जब तक कोई खिलाड़ी विजेता न बना जाए। हालांकि, इसकी नौबत नहीं आई। नागपुर की 19 वर्षीय दिव्या अब खिताब जीतकर ग्रैंडमास्टर बन चुकी हैं।

### खिताबी जीत के बाद भावुक हुईं दिव्या

19 वर्षीय दिव्या ने न केवल फिडे महिला शतरंज विश्व कप जीता है, बल्कि इस जीत के साथ 'ग्रैंडमास्टर' का खिताब भी हासिल किया है। इस जीत के बाद भावुक हो गईं। दिव्या के लिए ये यादगार पल हैं। दिव्या कैंडिडेट्स शतरंज के लिए पहले ही क्वालिफाई कर चुकी हैं।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी बधाई

दिव्या देशमुख की ऐतिहासिक जीत पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। दोनों ने एक्स पर दिव्या को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

सिनेमा

## 'अवतार 3' का ट्रेलर रिलीज, पेंडोरा की दुनिया में दिखा खतरनाक विलेन



दुनिया की सबसे कमाऊ फिल्म 'अवतार' बड़ी फ्रेंचाइजी में से एक है. डायरेक्टर जेम्स कैमरून की इस फ्रेंचाइजी के अब तक दो पार्ट रिलीज हो चुके हैं. फैंस तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इसी बीच मेकर्स ने तीसरे पार्ट Avatar: Fire and Ash का ट्रेलर रिलीज कर दिया है. जो सोशल मीडिया पर छा गया है. बता दें कि अवतार का दूसरा पार्ट 'द वे ऑफ वाटर' के नाम से रिलीज हुआ था. वहीं अब तीसरे पार्ट को अवतारः 'फायर एंड ऐश' का नाम दिया गया है. इसे लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं. अवतारः फायर एंड ऐश ट्रेलर में पेंडोरा की दुनिया का एक खतरनाक चैप्टर शुरू होता हुआ दिखाई दे रहा है. अब इस नई कहानी में 'ऐश पीपल' नाम का एक रहस्यमयी ग्रुप जोड़ा गया है. ट्रेलर में जेक सुली और उसकी फैमिली मेटकेयना कबीले के साथ मिलकर वरंग और उसकी सेना से लड़ते नजर आ रहा है. इसमें खास बात ये है कि वरंग और कर्नल माइल्स क्वारिच साथ मिल गए हैं. इसके अलावा ट्रेलर में दिखाया गया है कि आग वरंग के पास आग को कंट्रोल करने की शक्ति दी गई है. जो पेंडोरा के जंगल को जलाने के खतरे की झलक को दिखाता हैं. बता दें कि हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए अवतार के मेकर्स ने ये जानकारी शेयर की थी कि ऊना चैपलिन इसमें विलेन के रोल में नजर आने वाली हैं.

## Highlights

1. Maunvrat, maunvrat: Tharoor on speaking in Op Sindoor Parliament debate
2. Deadline for opting Unified Pension Scheme extended till Sept 30
3. Maulana Rashidi makes derogatory remark on SP MP Dimple Yadav after mosque visit; sparks row
4. Doctor in Gandhinagar loses ₹19 crore in digital arrest scam

# TCS shares drop nearly 2% as company announces layoff of 12,000 employees

**NEW DEIHI, (Agency).** Shares of Tata Consultancy Services (TCS) dropped nearly 2% on Monday after the company revealed plans to cut around 12,000 jobs this year, citing the need to future-proof operations. On the BSE, the stock declined 1.76% to ₹3,079.05, while on the NSE, it slipped by 1.59% to ₹3,085.80.

As of 1.07 pm, TCS shares are trading at ₹3,096.10 on the NSE and ₹3,096.00 on the BSE.

India's largest IT services company is set to reduce around 2% of its global workforce – approximately 12,261 employees – mostly from middle and senior management levels. TCS clarified that those being let go are in roles where redeployment is not feasible.

As of June 30, 2025, the company employed 6,13,069 people, having added 5,000 in the April–June quarter.

In a statement, TCS said the move is part of a broader transformation strategy aimed at adapting to evolving technologies like artificial intelligence (AI), expanding into new markets, and aligning talent with future business needs.

"Several reskilling and redeployment programs have been in progress. However, some associates will be released as their roles cannot be restructured to match future demands," the company said.

TCS also committed to offering support, including severance benefits, career counselling, and outplacement services to affected employees.

'One of the toughest decisions': CEO K Krithivasan

CEO K Krithivasan told Moneycontrol that the restructuring was driven by technological changes and evolving business models. "We've been highlighting the rise of AI and the shift in operating models. Our ways of working are changing, and we must be agile and ready for the future," he said.

He acknowledged that despite the company's investment in reskilling, some roles remained redundant.

# EU-sanctioned Nayara Energy sues Microsoft for suspending services at Gujarat refinery

**Ahmedabad, (Agency).** Nayara Energy, partly owned by Russian oil company Rosneft, on Monday said it has initiated legal proceedings against Microsoft Corp for suspending critical services after its refinery at Vadinar was sanctioned by the European Union as part of its latest measures aimed at curbing the trade in Russian energy.

Microsoft is currently restricting Nayara Energy's access to the oil company's own data, proprietary tools, and products — despite these being acquired under fully paid-up licenses, the company said in a statement. "This decision, based solely on Microsoft's unilateral interpretation of recent European Union (EU) sanctions, sets a dangerous precedent for corporate overreach and raises serious concerns regarding its implications on India's energy ecosystem," it said.




The company said it has filed a petition before the Delhi high court seeking an interim injunction and resumption of services to safeguard its rights and ensure continued access to essential digital infrastructure. These steps are aimed at preventing any potential disruption to Nayara's ability to meet its obligations to Indian consumers and stakeholders, according to the company.

While the sanctions originate exclusively from the EU, Microsoft — a U.S.-headquartered corporation — has chosen to withdraw services from Nayara Energy without any legal requirement to do so under US or Indian law, Nayara said.

# कांग्रेस पार्षद की बेटी को पुलिस ने हिरासत में लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में लव जिहाद फंडिंग मामले में नामजद कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी की बेटी को दिल्ली से हिरासत में लेने के बाद इंदौर लाया गया है। इस कार्रवाई से नाराज परिजनों ने डीसीपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि न तो युवती को परिजनों से मिलने दिया जा रहा है और न ही उसकी कोई जानकारी साझा की गई है।**



पिछले दिनों बाणगंगा थाना पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया था। इन पर लव जिहाद से जुड़ा मामला दर्ज किया गया था। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी पर इन युवकों को आर्थिक सहायता देने यानी फंडिंग का आरोप लगाया गया था। इसके आधार पर पुलिस ने कादरी के खिलाफ केस दर्ज किया और उसकी गिरफ्तारी पर 20,000 का इनाम भी घोषित किया गया। जांच के दौरान कादरी की बेटी आयशा का नाम भी सामने आया। आरोप है कि फंडिंग केस में उसकी भी भूमिका हो सकती है। इसी आधार पर पुलिस ने दिल्ली से आयशा को हिरासत में लेकर इंदौर लाया है। आयशा फिलहाल दिल्ली में रहकर न्यायिक सेवा की पढ़ाई कर रही थी। परिजनों का कहना है कि आयशा को हिरासत में लेने के बाद से न तो उसे उनसे मिलने दिया गया है और न ही यह बताया जा रहा है कि वह कहां है। नाराज परिजनों ने सोमवार दोपहर डीसीपी जोन-3 कार्यालय पहुंचकर इस कार्रवाई पर आपत्ति जताई। उन्होंने मांग की है कि जब तक अनवर कादरी पर लगे आरोप सिद्ध नहीं हो जाते, तब तक उनकी बेटी को हिरासत में न रखा जाए। परिजनों ने यह भी बताया कि वे सुबह 5 बजे से बाणगंगा थाने में मौजूद हैं, लेकिन न तो उन्हें आयशा से मिलने दिया गया और न ही यह बताया गया कि वह किस थाने में है। वहीं, कांग्रेस पार्षद कादरी उस समय से फरार चल रहा है, जब से लव जिहाद केस में उसका नाम आया है।

## पति को वीडियो कॉल किया फिर लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर क्षेत्र में 40 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की पहचान रेशमा पिता अय्यूब शेख निवासी फिरदौस नगर के रूप में हुई है। घटना के समय वह अपने तलाकशुदा पति से वीडियो कॉल पर बात कर रही थी। महिला ने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसे पुलिस ने जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पोस्ट मार्टम के लिए शव मॉर्चुरी में रखवाया गया है। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक 20 साल पहले रेशमा की शादी सनावद निवासी सईद से हुई थी और तीन साल पहले तलाक हो गया था। वह पालदा इलाके में अपने मायके वालों से कुछ दूरी पर किराए का कमरा लेकर रह रही थी और आटा फैक्ट्री में काम करती थी। रविवार रात में उसने फांसी लगा ली। जब काफी देर कमरे का गेट नहीं खुला, तो मकान मालिक ने उसके मायके वालों को सूचना दी। रिश्तेदार आशिफ और अन्य लोग पहुंचे और दरवाजे का लॉक तोड़ा तो महिला फंदे पर लटकी थी।

# रिश्तेदार ने किया युवती से रेप, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तेजाजी नगर थाने में रविवार को 23 वर्षीय युवती ने अपने रिश्तेदार के खिलाफ बलात्कार और धमकी की शिकायत दर्ज कराई। युवती का आरोप है कि आरोपी युवक ने तीन साल पहले शादी का झांसा देकर संबंध बनाए और हाल ही में किसी और लड़की से सगाई कर ली। जब उसने विरोध किया तो युवक ने जान से मारने की धमकी दी।

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर लिम्बोदी निवासी लोकेश जाधव (पुत्र रामू जाधव) के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। युवती ने पुलिस को बताया कि लोकेश उसके दूर का रिश्तेदार है। दोनों की मुलाकात एक शादी समारोह में हुई थी। इसके बाद मोबाइल पर बातचीत शुरू हुई। कुछ समय बाद लोकेश ने उसे प्रपोज किया और शादी की बात की। पहले तो युवती ने रिश्तेदारी का हवाला देकर इनकार किया, लेकिन बाद में लोकेश ने भरोसा दिलाया कि वह अपने घरवालों से बात करेगा।

फरवरी 2023 में लोकेश युवती को अपने घर लिम्बोदी ले गया। वहां पहुंचने पर जब लड़की को उसके परिजन नहीं मिले तो उसने पूछताछ की। तब लोकेश ने झूठ बोलते हुए कहा कि उसके घरवाले बाहर गए हैं। इसी दौरान उसने जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद मई 2025 तक वह लगातार युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। हर बार उसने शादी का वादा दोहराया और भरोसा दिलाता रहा कि उसके परिवार वाले मान जाएंगे। 16 जुलाई 2025 को युवती को पता चला कि लोकेश ने किसी अन्य युवती से सगाई कर ली है। जब उसने फोन कर इस बारे में पूछा तो लोकेश ने उसे धमकाया कि अगर वह चुप नहीं रही तो उसे जान से मार देगा। इसके बाद उसने पीड़िता का नंबर ब्लॉक कर दिया। रविवार को शिकायत पर तेजाजी नगर पुलिस ने बलात्कार और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसकी तलाश की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक